दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

वर्ष :- 02 अंक :- 340 मुरादाबाद, 11 April 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

मुख्यमंत्री योगी का एलान, यूपी में जुलाई में 35 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव-2023 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जुलाई में प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का एलान किया।एक तरफ विकास आज की आवश्यक्ता है, तो पर्यावरण और प्रकृति के प्रति दायित्वों से भी हम मुक्त नहीं हो सकते। मनुष्य ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए प्रकृति का अतिदोहन करके जिन दुष्परिणामों को आमंत्रित किया है, आज हम सब उसके भुक्तभोगी बन रहे हैं। क्लाइमेट चेंज आज दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। विगत वर्षों में असमय अतिवृष्टि के रूप में हमने इसके दुष्परिणामों को देखा है। भारत की परंपरा सदैव से पर्यावरण हितैषी रही है। ये धरती हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण की नई राह दिखाने का कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश में लगातार इस दिशा में कार्य हो रहे हैं। उन्होंने एलान किया कि आगामी जुलाई माह में प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधरोपण किया जाएगा। 2017 के बाद से अब तक यूपी में 133 करोड़ पौधरोपण का कार्य हुआ है। यही कारण है कि आज प्रदेश की जनता में भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर सकारात्मक भाव पैदा हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव-2023 का उद्घाटन करते हुए कही।प्रकृति के अतिदोहन से सामने आ रहे दुष्परिणाम- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय नेशनल क्लाइमेट कॉन्क्लेव में देशभर से आए प्रतिनिधगणों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे प्राचीन ग्रंथ में वेदों में अथर्ववेद का एक सूक्त हमें धरती के प्रति अगाध निष्ठा के साथ जोड़ने का प्रयास करता है। इसके अनुसार धरती हमारी माता हैं और हम सब इसके पुत्र हैं। संपूर्ण जीव सृष्टि में प्रकृति प्रदत्त मां के प्रति दायित्व का दर्शन होता है। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज आज एक बड़ी चुनौती है। विगत साल हमने असमय अतिवृष्टि को देखा है। बीते 25 साल के सार्वजनिक जीवन में मैंने कभी नहीं देखा कि अक्टूबर में बाढ़ आई हो। किसान को जब पानी की जरूरत है तो बारिश नहीं होती और फसल काटते वक्त असमय बरसात पूरी मेहनत पर पानी फेर देती है।

100 साल से पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में किया जा संरक्षित

सीएम ने कहा कि 2017 में जब हमें सरकार बनाने का अवसर प्राप्त हुआ तब पहले वर्ष हमने 5 करोड़, फिर 10 करोड़ पौधरोपण किया। विगत 6 साल में यूपी में 133 करोड़ पौधरोपण का कार्य किया गया है। आज यूपी में आम नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण का भाव पैदा हुआ है। आज हम 100 साल से पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष के रूप में मान्यता देकर उनका संरक्षण कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसे कई वृक्ष हैं, जिनके नीचे बैठकर क्रांतिकारियों ने देश की आजादी की रणनीति तय की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मौजूद आम के पुराने वृक्ष से संबंधित स्मृतियों का वर्णन करते हुए बताया कि बद्रीनाथ धाम के सिद्ध योगी सुंदरनाथ 1907 में गोरखनाथ मंदिर आए और वहां मौजूद आम के वृक्ष के नीचे तत्कालीन महंत बाबा गंभीरनाथ के साथ संवाद किया। वो वृक्ष आज भी वहां मौजूद है और फल देता है। इसके अलावा 1912 में भारत सेवा श्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद ने भी उसी वृक्ष के नीचे बाबा गंभीरनाथ से दीक्षा ली थी।

जमशेदपुर में धार्मिक झंडे के अपमान को लेकर फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने कई दुकानों को फूंका

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे। स्थिति अब नियंत्रण में है। जो लोग जमा हुए थे उन्हें घर भेज दिया है। तनाव को देखते हुए आंशिक रूप से मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। झारखंड के जमशेदपुर में माहौल शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। बताया जा रहा है कि एक धार्मिक झंडे के कथित अपमान के बाद दो गुटों के बीच शास्त्रीनगर में हिंसक झड़क हो गई। उपद्रवियों ने जमकर पथराव किया साथ ही कई दुकानों और एक ऑटो-रिक्शा में आग लगा दी। बाद में स्थिती संभालने के लिए पुलिस ने रविवार शाम को क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की। जमशेदपुर एसपी के. विजय शंकर ने बताया कि इस मामले में दोनों समुदायों के कुल 55 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अभय सिंह के एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके समर्थकों ने थाने में आकर अभद्रता की है। इन सब पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दो समुदायों के बीच हिंसा भड़कने के बाद जमशेदपुर प्रशासन ड्रोन से निगरानी कर रहा है।

आंसू गैस के गोले दागे

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के अनुसार, भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे। उन्होंने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। जो लोग जमा हुए थे उन्हें घर भेज दिया है। साथ ही पूरे इलाके में जवानों को तैनात कर दिया गया है। वहीं अर्धसैनिक बलों ने आज सुबह इलाके में फ्लैग मार्च किया। तनाव को देखते हुए आंशिक रूप से मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

शांति भंग करने की कोशिश

पूर्वी सिंहभूम जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी साजिश को विफल करने के लिए आम नागरिकों से सहयोग का अनुरोध किया। पुलिस ने बताया कि इलाके में शनिवार रात तब से ही तनाव व्याप्त है जब एक स्थानीय संगठन के सदस्यों ने रामनवमी के झंडे को अपवित्र पाया।

31 मार्च को भी हुई थी हिंसा

इससे पहले 31 मार्च की रात को भी रामनवमी पर जमकर हिंसा हुई थी। जमशेदपुर के हल्दीपोखर में रामनवमी पर जमकर पथराव हुआ था। लोग रामनवमी का जुलूस निकाल रहे थे। जब जुलूस जुगसलाई पहुंचा तो कुछ लोगों ने विरोध करते हुए जुलूस पर पथराव शुरू कर दिया था। इस घटना से गुस्साए लोगों ने बाटा चौक में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया था।

अखिलेश यादव का यह दांव और बाबा साहब का गांव, यूं ही नहीं जागा है सपा अध्यक्ष का दलित प्रेम

राजनीतिक विश्लेषक उमर हसन का कहना है कि बीते कुछ समय में बहुजन समाज पार्टी की रणनीति उस तरह प्रभावी नहीं रही है जैसे कि बीते समय में दिखा करती थी। इसका असर यह हुआ कि बसपा के वोट बैंक में भारतीय जनता पार्टी ने जमकर सेंधमारी की..बसपा की कमजोर रणनीति और मायावती की पार्टी से खिसकते दलित वोट बैंक को समाजवादी पार्टी अब %खुला मैदान% मान रही है। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने भी मायावती के खिसकते जनाधार को समेटने के लिए दलित राजनीति और इस समुदाय से जुड़े लोगों को अपनी और जोड़ने की जुगत लगानी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश में कांशीराम की प्रतिमा के अनावरण के बाद एक बार फिर से अखिलेश यादव ने दलित दांव चलते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के गांव का रुख किया है। सियासी जानकारों का मानना है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सियासी दांवपेच में इस बार दलितों को सबसे आगे रखकर अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। उसी क्रम में 14 अप्रैल को अखिलेश यादव भीमराव डॉक्टर आंबेडकर के मध्यप्रदेश स्थित महू गांव पहुंच रहे हैं। दरअसल बसपा की कमजोर रणनीति का फायदा उठाते हुए भाजपा ने मायावती की पार्टी में जमकर सेंधमारी की है।

दलित राजनीति की राह पर चली सपा

जैसे-जैसे लोकसभा के चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे वैसे सियासी पार्टियां जातिगत समीकरणों के गुणा गणित से सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता अख्तियार कर रहीं हैं। बीते कुछ दिनों में समाजवादी पार्टी ने जिस तरह से दलित राजनीति की दिशा में अपनी पार्टी को आगे बढ़ाया है, वह उत्तर प्रदेश की सियासत में बहुत कुछ कह रहा है। कांशीराम की प्रतिमा लगाने के बाद अब चर्चा अखिलेश यादव की बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के गांव

जाने की हो रही है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि दरअसल अखिलेश यादव अब एमवाई फैक्टर के साथ-साथ दलित फैक्टर को भी अपने संग जोड़कर सियासत की एक नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक उमर हसन का कहना है कि बीते कुछ समय में बहुजन समाज पार्टी की रणनीति उस तरह प्रभावी नहीं रही है जैसे कि बीते समय में दिखा करती थी। इसका असर यह हुआ कि बसपा के वोट बैंक में भारतीय जनता पार्टी ने जमकर सेंधमारी की। हसन कहते हैं समाजवादी पार्टी के नेताओं को यह लगा कि जब दलित वोट बैंक में भारतीय जनता पार्टी सेंधमारी कर सकती है, तो समाजवादी पार्टी उसमें पीछे क्यों रहे। यही वजह रही कि समाजवादी पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करने शुरू कर दिए। राजनीतिक जानकार जीडी शुक्ला का कहना है कि किसी भी सियासी दल की कमजोर रणनीति का फायदा दूसरा राजनीतिक दल उठाता है। कांग्रेस की कमजोर नीतियों का फायदा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने उठाया। बहुजन समाज पार्टी की कमजोर नीतियों का फायदा भारतीय जनता पार्टी ने दलित वोट बैंक को अपने पाले में जोड़ने के तौर पर उठाया। मायावती ने भी बहुत हद तक समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी करने की कोशिश की। अब जब बीते कुछ चुनावों के परिणामों के आधार पर आंकलन किया जा रहा है, तो उसमें बसपा के खिसकते हुए वोट बैंक नजर आ रहे हैं। जीडी शुक्ला कहते हैं कि भाजपा ने बिल्कुल ऐसा ही किया है। अब समाजवादी पार्टी ने भी उसी तर्ज पर दलितों को अपने साथ जोड़ने की न सिर्फ तैयारी की है, बल्कि बसपा के वोट बैंक में सेंधमारी करने के लिए बड़ी रणनीति भी अख्तियार कर ली है।

14 अप्रैल को महू जाएंगे अखिलेश

समाजवादी पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अखिलेश यादव अपने सहयोगी राजनीतिक दलों के साथ 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर मध्यप्रदेश के महू पहुंचेंगे। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के गांव पहुंचने को लेकर सियासी गलियारों में तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। माना यही जा रहा है कि अखिलेश यादव ने अपनी 卐एमवाई卐 रणनीति को एक कदम आगे बढ़ाते हुए एमवाई 卐डी卐 के आधार पर बढ़ा रहे हैं। समाजवादी पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि उनकी पार्टी तो पहले से ही बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों को आगे रखकर ही राजनीति करती आई है। पार्टी के एक नेता का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब वाहिनी का भी गठन कर उसे प्रमुख फ्रंट भी बनाया है। इसलिए यह कहा जा रहा है कि समाजवादी पार्टी मौका देखकर दलितों की ओर बढ़ रही है, पूरी तरह से गलत है। सियासी विश्लेषकों का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम और यादवों के गठजोड़ के अलावा बीते कुछ समय में अलग तरह से जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश शुरू कर दी है। मुस्लिम-यादव के साथ-साथ समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ों को भी जोड़ने के लिए एक अभियान चलाया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि हालांकि पिछड़ों को जोड़ने का अभियान जिस तरह चलाया गया, वह न सिर्फ विवादित हुआ बल्कि पार्टी के अंदर ही एक असहज स्थिति पैदा होने लगी।

यह पिछड़ों को जोड़ने का अभियान पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी करके शुरू किया था। बाद में जब पार्टी के ही नेताओं ने इसका विरोध करना शुरू किया, तो रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी करने वाले नेता स्वामी प्रसाद मौर्य तो नहीं चुप हुए, लेकिन पार्टी के कुछ अन्य नेताओं की ओर से उठने वाले सुर जरूर ठंडे पड़ गए। हालांकि पार्टी ने उसके बाद से दलितों को अपने पाले में करने के लिए कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण किया और अब समाजवादी पार्टी के मुख्य मध्यप्रदेश के महू जा रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

संपादकीय Editorial

Familyism of BJP too

Addressing the partymen on the birthday of BJP, Prime Minister Modi once again raised the issue of 'dynasty' or 'familyism'. In view of that, political attacks were also made on Congress and many opposition parties. It was a coincidence that Anil Antony, son of senior Congress leader AK Antony, was given BJP membership at the party headquarters on the same day. Another Congress face joined BJP.

Anil is a Sanatan Christian and the population of Christians in Kerala is around 20 per cent.

AK Antony has been the Chief Minister of Kerala and Union Minister. Although Hindus constitute about 55 per cent of the population, the Hinduists of Kerala have not yet become BJP or Sanghi, so the BJP's position in that state is negligible even today. It is possible that BJP may project Anil Antony as a 'Christian leader' and try to get the acceptance of that community, but Anil is not a mass leader. His political career is also beginning.

His electoral test as a 'Christian leader' is yet to be done. BJP's electoral math is also that some minority factions should also be associated with the party. Although the RSS has been active in Kerala for a long time, it has neither been able to connect the Hindus there at the level of soul nor create any divine attraction, spiritual beliefs towards Lord Shri Ram, Krishna and Mahadev etc. However, the Hindus of Kerala worship the avatar-gods of Lord Vishnu and Ganesha. Celebrate grand celebrations, but have been voting either for the Left Front or the Congress-led Front.

We will not be able to give a logical, spiritual or ideological answer to this. Prior to the 2004 elections, PC Thomas joined the BJP-NDA with a breakaway group from the Kerala Congress. He won the Lok Sabha elections by defeating candidates from the Left and Congress fronts, but his election was nullified by the Supreme Court in 2006 because he sought mandate on the basis of religion.

Some BJP MLAs have been elected in Kerala, but there is no such strong leader under whose leadership the general elections can be fought. However, the issue was of familism. Anil Antony is also the new face of this Jamaat, although father and son are in different political parties.

Prime Minister Modi or other senior BJP leaders have been calling their 'familyism' professional by giving different definitions of 'dynasticism' and 'familyism', but Vijayraje Scindia, Rajnath Singh, Kalyan Singh, Vedprakash Goyal, CPN Singh, Jitendra Prasad , Yashwant Sinha, Prem Kumar Dhumal, Amit Shah, Madanlal Khurana, Akhilesh Kumar Singh, Sahib Singh Verma etc.

is a long list of BJP and other leaders, whose sons and daughters are today famous BJP leaders-MPs-MLAs. If this is not nepotism, then what is? Of course, this is not the case with the Congress and the Gandhi family. These leaders do not have monopoly or supremacy, but the fact is that the children got the opportunity to set foot in politics only through the father.

If this familyism was not there, then like the common man, these faces would also have to suffer.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

Society: Women bear the brunt of nefarious intentions of fundamentalist and religious groups

Even in this modern era, some fundamentalist and religious groups are spreading the darkness of ignorance and superstition, as a result of which women have to suffer the most. Bangladesh is a shining example of this. Change comes in all religions, cultures and societies. Without change, religion, culture and society all become like closed reservoirs. Just like the water of the reservoir has to be kept open to save it from rotting, in the same way the old mindset also needs to be changed. In order to make thinking modern, it needs to be taken out of the small circle of thoughts and given an open sky. We have seen vast changes in all the societies of the earth. But this fact also cannot be denied that there are some people in all societies who are against change. The society which has less anti-change people, that society progresses faster. But the society in which there are more anti-change people, that society gets obstructed again and again while moving towards modernity. At one time, Christian priests in Europe used to hang people who questioned God. Today the same pastor is saving his existence by giving importance to humanity. Those priests do not have the same importance and supremacy now. At one time the practice of Sati existed in the Hindu society. In those days there was no justification for the wife to live after the death of her husband. But in the process of moving forward, the practice of sati in the Hindu society ended. The Muslim society was at one time leading in many respects. Few people would believe this today. But a time came when this society closed itself. The result of this is that today this society is very backward. If the wheel of progress is stopped, the loss to the society is no less than that to the individual. There is no doubt that our earth is marching towards modern civilization. But even today fundamentalists and some religious groups are spreading ignorance and darkness. The intention of these people and groups is to keep humans in the darkness of ignorance. They cannot tolerate even a little light. I had recently heard Mohan Bhagwat, Sarsanghchalak of Rashtriya Swayamsevak Sangh talking about Hindu-Muslim unity. He had said, 'Hindu-Muslim unity is being created because some people feel that Hindus and Muslims are different. Actually they are one. Their DNA is the same. They are all Indians. I wonder if organizations like Jamaat-e-Islami or Hefazat-e-Islam in Bangladesh can talk like this about Hindu-Muslim unity! Can they say that 'Bangladesh is a democratic country, where no Muslim will be dominated, no Hindu will be dominated. Those who target minority Hindus by calling them heretics are not real Muslims. Those who say that Hindus do not belong to this country are also not Muslims. These organizations in Bangladesh, of course, cannot do such a thing because they are not change-seekers. They want illiteracy, backwardness and fundamentalism to prevail in the society of Bangladesh. Not only is the majority of the population there religious, but the number of ultra-religious people there is also increasing very rapidly these days. The result of increasing religious fundamentalism in Bangladesh is that the minority population is a constant target. And not just the minority population, but all liberal minded people in Bangladesh are on target. Obviously, there is no hope of real change until the mindset of the majority fundamentalists changes. Secular or scientific conscious people are aspiring to end religious fundamentalism as well as to give their rights to women. This can be done only through Uniform Civil Code. If I talk about Bangladesh, there is a lot of discrimination against women in Muslim family law. Similarly, the civil laws of the Hindus are based on the Hindu scriptures, as a result of which the Hindu women there also do not have real rights. The Civil Code on the basis of equal rights should have already come into force there. But no government paid any attention in this direction. The trouble is that religious fundamentalism is so prevalent in Bangladesh today that it is unthinkable to make a civil code to give Muslim women their rights. While this would have been possible a few decades back. It is clear from this that if fundamentalism increases in the society, then only women have to bear the brunt of it. Similarly, Hindu women of Bangladesh want the right to divorce. There they do not have the right to do so. The organizations which are active for the rights of minority Hindus in Bangladesh also do not talk about the interests of the women of their society. On the other hand, the majority of Hindu women in India and Nepal have the right to divorce and remarry if widowed. From this it can be understood that all women are suffering the brunt of fundamentalism in Bangladesh, it is not limited to any one society. The major reason for the exploitation of all women in Bangladesh is that fundamentalism has affected girls and women of all classes and societies there. In a society where women are educated and self-reliant, divorce cases increase in that society, because such women have an increased sense of self-esteem and do not tolerate the tendency of male supremacy. It is quite natural. But it is unusual that the educated male class is not able to be conscious enough to stand in favor of women's rights, to give dignity and respect to women.Can give prestige Could hit the streets for them. While women were given their rights in the past, it was possible only through the initiative of men. Today, increasing bigotry in the society is proving fatal for women. When will that day come, when men will consider women as co-travellers and not as maids! Until that day comes, the emancipation of women is not possible.

Homeopathy Day Special: Hahnemann gave a new medical method to the world

World Homeopathy Day is celebrated every year on April 10, the birth anniversary of Friedrich Samuel Hahnemann. This medical method is very popular in many countries including India.-In many countries including India, 'World Homeopathy Day' is celebrated every year on 10 April on the birth anniversary of Dr. Christian Friedrich Samuel Hahnemann, a physician who gave an alternative to allopathic medicine, with the aim of creating awareness about the contribution of homeopathy in healthcare. To do. It is also a day to honor the contribution of Dr. Samuel Hahnemann in the field of medicine. Although there must be differences of opinion among doctors of different systems regarding the effectiveness and healthiness of this method of Hahnemann, its popularity has increased in the world, especially in India, where Ayurveda is a powerful alternative to allopathy, where it is most prevalent compared to other countries. Hui. This alternative medicine system uses natural substances to stimulate the body's own healing process. Homeopathy since 18th century- Homeopathic medicine uses natural substances to stimulate the body's own healing process. Whose principles were developed by the German physician Dr. Samuel Hahnemann in the late 18th century. It is based on the principle of "like cures like", which means that a substance that can cause symptoms in a healthy person can cure similar symptoms in a sick person. On World Homeopathy Day, various seminars, workshops and awareness programs are organized to educate people about the benefits of homeopathy. Homeopathy has gained popularity over the years as an alternative form of medicine and its effectiveness has been proven by numerous studies. Dr. Samuel Hahnemann (1755–1843) was a German physician and the founder of homeopathy. Hahnemann received his medical degree from the University of Erlangen in 1779 and practiced medicine in various parts of Germany. Hahnemann was disillusioned with the harsh medical treatments of his time. which often involved bleeding, purging, and the use of toxic substances such as mercury. He began experimenting with the use of natural substances such as plants and minerals as a way of stimulating the body's own healing process. The 'Organon of the Medical Art' is Hahnemann's most famous achievement and outlines the principles and practices of homeopathy. The Organon treatise was first published in 1810 and has been revised several times. Homeopathy is made up of two Greek words- Homeopathy is a combination of two Greek words, homoios and pathos. Homoios means equal and pathos means suffering. In other words, homeopathy is a system of treating diseases with remedies. Homeopathic products are made from mountain herbs, minerals such as white arsenic, poison ivy, and animal products such as crushed beeswax. These homeopathic products are in the form of sugar pellets, ointments, tablets, gels, creams and drops. Treatment is tailored to each individual's needs. Homeopathy is very effective in some diseases- Homeopathy practitioners are of the opinion that this method is often used as a complement or alternative to medicine to treat a wide range of ailments. Nevertheless, it is considered more effective in some diseases. These diseases include allergies, asthma, arthritis, anxiety and depression, chronic fatigue syndrome, migraines and headaches, digestive disorders, irritable bowel syndrome (IBS), skin conditions (such as eczema and psoriasis), menstrual disorders, such as menstruation Cramps and irregular periods, Respiratory infections, such as cold and flu etc. But it is important to consult with a qualified healthcare provider to determine the best course of treatment for your specific condition. Significantly, the acceptance and popularity of homeopathy varies greatly depending on country and region, and its use and recognition as a legitimate form of health care is still a matter of debate and controversy in some parts of the world. Homeopathy is prevalent in many countries- Homeopathy has been running for two centuries and has been serving humanity till date. It is practiced in many countries of the world and it has gained maximum popularity in India as well. Homeopathy is widely accepted as an alternative medicine in some countries such as India, Brazil and Germany. Homeopathy is also popular in Germany, which is said to have over 6,000 homeopathic doctors and has a long tradition of using homeopathy as an alternative medicine. Other countries where homeopathy is popular include France, Argentina, Mexico, Italy, and Spain. Whereas in many other countries, homeopathy is not widely accepted or practiced. As such, homeopathy in the United States is not regulated by the Food and Drug Administration (FDA) and is considered a complementary and alternative form of medicine. Most popular in India and Brazil- Homeopathy has a long history of use in India. It is estimated that more than 100 million people in India use homeopathy to protect their health. For example, India has over 200,000 registered homeopathic doctors and over 7,000 homeopathic hospitals and dispensaries.Governments themselves run homeopathic hospitals. Brazil is the second country after India where homeopathy is very popular and widely practiced, with more than 15,000 registered homeopathic doctors and a large number of homeopathic pharmacies. National Institute of Homeopathy gives degree- The National Institute of Homeopathy in India is an autonomous organization under the Ministry of Health and Family Welfare. It was established on 10 December 1975 in Kolkata and is now under the Ministry of AYUSH, Government of India. The institute was affiliated to the University of Calcutta till 2003-04 and affiliated to the West Bengal University of Health Sciences from the session 2004-05 and conducts degree courses in Homeopathy. Bachelor of Homoeopathic Medicine and Surgery is one of the degree courses offered by this institute. This course has been started since 1987 and its duration is five and a half years, including one year internship.

निकाय चुनाव के नामांकन में जुटा प्रशासन, DM ने तैयारियों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

मुरादाबाद- नगर निकाय चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद मंगलवार से होने वाले नामांकन की तैयारियां पूरी करने में जिला प्रशासन के अधिकारी जुट गए हैं। सोमवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने महापौर और वार्ड पार्षदों के नामांकन के लिए तैयारियों का निरीक्षण किया।उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार के सामने मुशायरा ग्राउंड में बैरिकेडिंग कर वार्ड वार काउंटर बनाने, प्रत्याशियों, प्रस्तावकों, समर्थकों के आने जाने के रास्ते बनाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश उन्होंने दिया।साथ ही डीएम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह को नामांकन के लिए पूरी व्यवस्था कराकर इसकी मानीटरिंग करने और आदर्श आचार संहिता का हर हाल में पालन कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के साथ कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत तहसील सदर में नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी परमानंद सिंह व तहसीलदार को इससे संबंधित इंतजाम करने के निर्देश दिए।

नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट, शहर में राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स और बैनर उतरवाए

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। जिसके तहत जिले में पहले चरण में चुनाव होना है। तारीख के ऐलान के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है और सभी राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स और बैनर हटाए जा रहे हैं। शहर के अलग अलग चौराहों, इलाकों से नगर निगम की टीम ने सभी दलों के फ्लेक्सी (होर्डिंग्स) और पोस्टरों को जेसीबी की मदद से उतार दिया है। आपको बता दें कि नगर निकाय चुनाव के लिए तारीखों का एलान होते ही दावेदारों में हलचल बढ़ गई। शासन की ओर से चार और 11 मई को दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा से हर जिले में सक्रियता बढ़ गई। मंडल के सभी पांच जिलों में पहले चरण में चार मई को वोट पड़ेंगे। जबकि 13 मई को नतीजे घोषित होंगे। एक अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद केवल तारीखों का इंतजार था। जो रविवार को समाप्त हो गया। एक अप्रैल को जिला स्तर पर मतदाता सूची जारी हुई जिसमें नवंबर में जारी सूची के अनुसार 9,38,424 की जगह मतदाताओं की संख्या बढ़कर 9,47,506 हो गई। नयी सूची में जिले में 9082 मतदाता बढ़े हैं। अब इन्हीं मतदाताओं के ऊपर प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत लिखने का दारोमदार होगा। इनके हाथ में निकायों के सिरमौर की राजनीतिक तकदीर का फैसला 13 मई को होगा।

सपा सरकार के कार्यकाल में था जंगलराज, अब जनता सुरक्षित

मुरादाबाद- प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में प्रदेश में जंगलराज था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की सख्ती से अपराधियों को जेल भेजा गया। आज जनता सुरक्षित है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रभावी मतदाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हम सभी को स्थानीय निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने कन्नौज में बने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर डिग्री कॉलेज का नाम परिवर्तित करके राजकीय डिग्री कॉलेज रख दिया था। इससे बाबा साहब के प्रति अखिलेश यादव की मानसिकता उजागर हो गई थीं।जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सभी धर्म जाति वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलती हैं। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे को सार्थक कर रही है। अध्यक्षता हरकेश सिंह ने और संचालन महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल ने किया।

सम्मेलन में नगर निकाय चुनाव संयोजक शम्मी भटनागर, एससी मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रजनीकांत जाटव, कार्यक्रम संयोजक कपिल देव, हरीश जाटव, मुनेंद्र पाल, शशि किरण, किशन लाल सिंह, रूपा देवी, रजनी, अनूप जाटव, अजय दिवाकर, प्रशांत सागर, जयप्रकाश, चंद्र प्रजापति, भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, श्याम बिहारी शर्मा, दिनेश सिसोदिया, सर्वेश पटेल, निमित जायसवाल, राहुल सेठी, सागर सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

मजदूर की बेटी सोनिया व अभिषेक ने नेशनल के लिए किया क्वालीफाई

मुरादाबाद- शहर के मजदूर की होनहार बेटी सोनिया ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने यूपी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लांग जम्प में पहला स्थान हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही अभिषेक ने भी दौड़ में दूसरा स्थान हासिल कर प्रतियोगिता में जगह बनाई। मन में कुछ करने का जज्बा हो तो मंजिल पाई जा सकती है। यह साबित कर दिखाया है नवीन नगर निवासी वरम सिंह की पुत्री सोनिया ने। वरम 10 साल पहले धनौरा से यहां बच्चों के सपने पूरे करने पहुंचे थे। मजदूरी कर उन्होंने बच्चों को पढ़ाया लिखाया। परिवार में पत्नी राखी, तीन बेटी नीतू, दामिनी, सोनिया और दो बेटे विक्की, गौरव हैं। सोनिया की शुरू से ही खेलों में रूचि थी। इसलिए बेटी को सोनकपुर स्टेडियम भेजना शुरू कर दिया। सोनिया कोच सौरभ के नेतृत्व में लांग जम्प में करियर तराशने लगी। परेशानियों के बावजूद पिता ने बेटी के खेल में किसी तरह की अड़चन नहीं आने दी। सोनिया राज्य स्तर पर अभी तक सात गोल्ड जीत चुकी है।लखनऊ में आयोजित हो रही यूपी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में उसने अंडर 20 लांग जम्प में 5~31 जम्प लगा कर पहला स्थान हासिल किया।

वहीं, राज्य स्तर पर 9 गोल्ड जीत चुके अभिषेक पाल ने 800 मीटर दौड़ में 1~54 सेकंड का समय निकाल कर दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

चीखते रहे पत्नी और बच्चे: दरवाजा बंद कर ट्रक चालक ने लगा लिया फंदा, वजह जान आप भी चौंक जाएंगे

मुरादाबाद में पत्नी से विवाद होने पर ट्रक चालक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पत्नी और बच्चे दरवाजा खुलवाने के लिए चीखते रहे है लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मुरादाबाद के अगवानपुर में पत्नी से विवाद होने पर शनिवार की रात ट्रक चालक अनिल पाल (27) ने नाराज होकर खुद को कमरे में बंद कर लिया और पत्नी का दुपट्टा लेकर पंखे में फंदा बनाने लगा। यह देखकर पत्नी और बच्चे चीखने लगे लेकिन उसने फंदा गले में डालकर लगाकर जान दे दी। चालक मुंबई में ट्रक चलता था। दो दिन पहले ही वह घर आया था। सिविल लाइंस पुलिस घटना की जांच कर रही है। काजीपुरा निवासी अनिल पाल (27) पुत्र वीरेंद्र पाल ट्रक चालक था। वह अक्सर मुंबई से माल लेकर आने जाने का काम रहता था। परिवार में उसकी पत्नी ज्योति, दो बच्चे रिशु और मनी है। ममेरे भाई गजेंद्र सिंह के अनुसार, बृहस्पतिवार को अनिल मुंबई से ट्रक लेकर घर लौटा था। इसके बाद पति और पत्नी के बीच घरेलू मामले को लेकर कहासुनी हो गई। शनिवार की रात दोनों के बीच विवाद काफी बढ़ गया। इसके बाद अनिल कमरे में गया। उसने कमरे का अंदर से कुंडा लगा लिया। पत्नी और बच्चे दरवाजा खुलवाने के लिए शोर मचाने लगे। फिर भी उसने दरवाजा नहीं खोला। इसी बीच उसने पत्नी के दुपट्टे का का फंदा बनाकर पंखे में लटक गया। शोर शराबा सुनकर परिजन और पड़ोसी दौड़कर आए। उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो चालक का शव पंखे से लटक रहा था। परिजनों ने उसको फंदे से नीचे उतारा और कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। कोई सुनवाई नहीं होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर गए। यहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

प्रवर्तन की कार्यवाही एवं अवैध वाहन पर विशेष ध्यान दिया जाये-डीएम

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, विद्युत एवं मण्डी द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्राप्त न कर पाने तथा पिछले वर्ष से इस वर्ष पीछे रहने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि देयों की शतप्रतिशत प्रगति हेतु अभी से शैड्यूल निर्धारित कर लें तथा नियमित समीक्षा कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि प्रवर्तन की कार्यवाही के साथ अवैध वाहन न चलने पाये, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। ओवरलोडिंग वाहनों का का चालान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ठाकुरद्वारा स्थित चैकपोस्ट तभी उपयोगी होगा जब उसकी ठीक तरह से मानीटरिंग सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य पूर्ण करने हेतु स्थलीय निरीक्षण जरुर करें और बिना शिकायत होने पर भी समय-समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेते रहें। उन्होंने उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेकर शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये। बैठक में ए0सी0 फूड विनोद कुमार सिंह, मण्डी निरीक्षक सत्यवीर सिंह, खनन निरीक्षक सुमित कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, खान अधिकारी राहुल कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्रपाल सिंह, प्रभारी सहायक महानिबंधक प्रवीण यादव, ए0आर0एम0 नरेश चन्द्र गुप्ता, ए0आर0टी0ओ0 छवि सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत शैलेन्द्र सिंह, सीआरए श्री विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

मुरादाबाद में नेशनल हाईवे पर अलग-अलग दो हादसों में तीन की मौत, मरने वालों में दो लोग हिमाचल के

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर दस घंटे के भीतर अलग-अलग दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक जोया और दो हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहला हादसा रविवार की रात 10 बजे हुआ। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जोया के मोहल्ला मुंशियान में अनवार का परिवार रहता है। उनका सातवें नंबर का बेटा मुनाजिर भी शादीशुदा था।

मुनाजिर के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और दो बेटे हैं। रविवार की रात मुनाजिर खाना खाने के बाद पैदल टहलने के लिए निकला था। तभी दिल्ली की दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मुनाजिर(32) की मौके पर मौत हो गई। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक मजदूरी करता था। मामले में कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरा हादसा सोमवार की सुबह सात बजे हुआ। इस दौरान एक ऑल्टो कार में सवार दो लोग मुरादाबाद की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार जोया में पहुंची तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि उसमे सवार दोनों लोगों की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस की जांच में कार तेज रफ्तार होने की बात सामने आई है। काफी मसक्कत करने पर कार की आरसी के आधार पर सामने आया कि मृतक हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। कार की आरसी हिमाचल में बिलासपुर के रहने वाले महाजन के नाम पर है। हालांकि अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि तीनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। कार सवार मृतकों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

पांच सौ वर्ष पुराने मंदिर में बिहारीजी के गले से लिपट रोये रामभद्राचार्य जी, बोले-भागवत कथा भी सुनाउंगा

आगरा में मीना कोठी बाजार मैदान में रामभद्राचार्य जी श्रीरामकथा का वाचन कर रहे हैं। इसी बीच वह पांच सौ वर्ष पुराने मंदिर में बिहारीजी के दर्शन करने पहुंचे। यहां वह बिहारीजी के गले से लिपटकर रोने लगे। बोले कि यहां भागवत कथा भी सुनाउंगा। उत्तर प्रदेश के आगरा में तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरू रामभद्राचार्य जी श्रीराम कथा का वाचन कर रहे हैं। रविवार की सुबह वह नाई की मंडी के कटरा हाथी शाह में प्रेम निधि परिवार के 500 वर्ष पुराने ठाकुर श्याम बिहारीजी मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने मंगला आरती की। प्रेमनिधि मिश्र की हस्तलिखित पुस्तक को सुना। इस मौके पर वह ठाकुरजी की मूर्ति के गले से लिपट गए। उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली। यह देख माहौल भावविह्वल हो गया। शाम को उन्होंने बातचीत में कहा कि ठाकुर श्याम बिहारी के मंदिर का जीर्णोद्धार होता है तो वो एक दिसंबर से सात दिसंबर तक सीता बाजार में भागवत कथा सुनाएंगे।

रखेंगे मंदिर की पहली ईंट

स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि वह 40 साल पहले मंदिर में दर्शन करने आए थे। तब ठाकुरजी के दर्शन किए थे। आज फिर उन्होंने बुला लिया। अब वो चाहते हैं कि मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। अगर, 30 नवंबर तक यह काम पूरा होता है तो वो फिर आगरा आएंगे। प्रेमनिधि महाराज भागवत करते थे। अब वो भी भागवत कथा सुनाएंगे। यह कथा सीता बाजार में ही होगी। समिति की प्रमुख डा. मृदुला कठेरिया ने मंदिर के लिए 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। कहा कि मंगलवार को चेक के साथ मंदिर की पहली ईंट रखेंगे।

दो मूर्तियां स्थापित थीं

कटरा हाथी शाह निवासी दिनेश पचौरी ने बताया कि प्रेमनिधि मिश्र, नाना पंडित गोविंद लाल गोस्वामी के पूर्वज थे। मंदिर पहले रावतपाड़ा में था। औरंगजेब के डर से मंदिर के सेवादार ठाकुरजी को कटरा हाथी शाह ले आए।

तब दो मूर्तियां स्थापित कीं। एक विग्रह में थी तो दूसरी ऊपर थी। बाद में दतिया के राजा मूर्ति ले गए। उन्होंने भव्य मंदिर बनवाया।

बिहारीजी के गले से लिपटकर रोये जगदगुरू रामभद्राचार्य

दिनेश पचौरी ने बताया कि तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरू रामभद्राचार्य रविवार सुबह छह बजे मंदिर आए थे। उन्होंने ठाकुर बिहारीजी के दर्शन किए। मंगला आरती की। आरती करते ही ठाकुर बिहारीजी का चरण स्पर्श करते हुए गले से लिपट गए। उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। इस दौरान लोग भी भावविह्वल हो गए। तुलसी पीठाधीश्वर ने प्रेमनिधि मिश्र की हस्तलिखित 500 वर्ष पुरानी पुस्तक करुणा पच्चीसी को भी सुना। इसमें ठाकुर जी के दास भाव के 25 पद हैं।

बेटी ने बनाया ठाकुरजी और प्रेमनिधि का चित्र

दिनेश पचौरी ने बताया कि बारिश के दिन प्रेमनिधि और कान्हा के प्रसंग के दृश्य को उनकी बेटी वैष्णवी पचौरी ने खुद चित्र में बनाया है।

तुलसी पीठाधीश्वर के आने पर उन्हें चित्र भेंट भी किया। इस पर उन्होंने बिटिया को 5100 रुपये आशीर्वाद स्वरूप दिए।

आकांक्षा के कारण बनी समर सिंह की पहचान, भोजपुरी एक्ट्रेस की मां बोली- 2 करोड़ में बिक गई पुलिस

भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां ने सोमवार को वाराणसी में न सिर्फ पुराने आरोपों को दोहराया बल्कि कई नए आरोप भी मढ़ दिए। उन्होंने कहा कि मुझे सारनाथ थाने की पुलिस पर भरोसा नहीं है। समर सिंह से दो करोड़ रुपये लेकर सारनाथ थाने की पुलिस बिक गई है। भोजपुरी गायक समर सिंह को तीन साल पहले कोई नहीं जानता था। आकांक्षा दुबे के कारण ही समर की पहचान बनी। जिसके कारण पहचान बनी उसी की जान समर सिंह ने ली है। अब पुलिस ने गिरफ्तार किया है तो वो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। ये बातें भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा की मां मधु दुबे ने सोमवार को वाराणसी में मीडिया से बात करते हुए कहीं। प्रेस वार्ता में मधु दुबे ने न सिर्फ पुराने आरोपों को दोहराया बल्कि कई नए आरोप भी मढ़ दिए। कहा कि मुझे सारनाथ थाने की पुलिस पर पर भरोसा नहीं है। समर सिंह से दो करोड़ रुपये लेकर सारनाथ थाने की पुलिस बिक गई है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आकांक्षा की मौत में मामले में सारनाथ

पुलिस ने किसी तरह की छेड़छाड़ की तो ठीक नहीं होगा। बताया कि आकांक्षा का मोबाइल सहित अन्य सामान सारनाथ थाने में ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन समर के साथ मिला हुआ है। पुलिस ही समर को छिपाकर रखी थी। दबाव बनने पर गिरफ्तारी दिखा दी। समर के समाजवादी पार्टी से संबंध हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की। एक सवाल के जवाब में मधु दुबे ने दोहराया कि मेरी बेटी आकांक्षा आत्महत्या नहीं कर सकती। उसकी हत्या में समर और संजय सिंह शामिल है। होटल का मैनेजर और सारनाथ पुलिस समर सिंह की साजिश का हिस्सा है। मधु दुबे ने कहा कि 25 मार्च की रात 8 बजे तक बिल्कुल खुश थी। फोन पर बात हुई थी। आकांक्षा जब महमूरगंज में पार्टी कर होटल लौटी तो बिल्कुल ठीक हालत में थी। लेकिन होटल मैनेजर ने बताया था कि वह शराब के नशे में थी। उसके कदम लड़खड़ा रहे थे। जबकि सीसीटीवी फुटेज में वह बिल्कुल ठीक दिख रही है।उन्होंने पूछा कि रात करीब दो बजे युवक के होटल आने का सीसीटीव फुटेज है लेकिन उसके वापस जाने का वीडियो नहीं है। अचानक ऐसा क्या हो गया कि आकांक्षा ने खुदकुशी कर ली। आरोप लगाया कि आकांक्षा के कमरे में पहुंचने से पहले वहां किसी व्यक्ति को बैठाया गया था। उसी ने आकांक्षा की हत्या की। मेरी बेटी खुदकुशी कर ही नहीं सकती। उसके पास कोई कमी नहीं थी। उसे मारा गया है। जब मधु दुबे से सवाल किया गया कि समर सिंह खुद को निर्दोष बता रहा है और गिरफ्तारी के बाद से रो रहा है तो उन्होंने कहा कि कहा कि समर बहुत शातिर है।

वो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। मधु दुबे ने कहा कि एक साल पहले इसी सारनाथ में बर्थडे पार्टी के दौरान समर ने बेटी आकांक्षा को मारा था। तब आकांक्षा ने सारनाथ थाने में शिकायत की थी। आकांक्षा ने फोन कर इसकी सूचना भी दी थी। तब मैंने समर को फोन कर बहुत डांटा था। तब सारनाथ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। 21 मार्च को संजय सिंह ने फोन पर आकांक्षा को धमकी दी थी। 26 मार्च की रात हत्या कर दी।

मां के लिए छोड़ी लाखों की नौकरी: स्कूटर से यशोदा को दुनिया दिखाने निकले कृष्ण, 62 हजार KM चलकर पहुंचे काशी

कभी भगवान कृष्ण ने बाललीला के दौरान मुंह में मां यशोदा को ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। अब मैसूर के 44 वर्षीय कृष्ण कुमार अपनी 74 वर्ष की मां चूड़ा रत्नम्मा को स्कूटर से दुनिया दिखाने निकले हैं। वाराणसी पहुंचने पर सोमवार को उनका नागरिक अभिनंदन किया गया।माता-पिता की सेवा के लिए श्रवण कुमार की हमेशा से नजीर दी जाती है। लेकिन कर्नाटक के मैसूर निवासी कृष्ण कुमार जिस अंदाज में अपने माता को लेकर बनारस पहुंचे, लोग उन्हें मॉडर्न श्रवण कुमार कह रहे हैं। दो हेलमेट, बैग में कुछ जरूरी सामान, दो बोतल पानी और एक छाता लेकर केए-09 एक्स 6143 नंबर की 25 साल पुरानी बजाज चेतक स्कूटर से कृष्ण अपनी मां को दुनिया दिखाने निकले हैं। अभी तक वह 62 हजार किमी से ज्यादा की दूरी तय कर तीन देशों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। कभी कृष्ण ने बाललीला के दौरान मुंह में मां यशोदा को ब्रह्मांड के दर्शन कराए थे। अब मैसूर के 44 वर्षीय कृष्ण कुमार अपनी 74 वर्ष की मां चूड़ा रत्नम्मा को स्कूटर से दुनिया दिखाने

